**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित <u>प्रश्न संख्या-23 का उत्तर</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| **23-** (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि जनपद-जौनपुर के ग्राम-शेखपुरा पो0 - तेजी बाजार, ब्लाक-बक्शा, तहसील-सदर में पिच रोड जो अजय सिंह के घर के पीछे से अवधेश उमर के घर तक जाती है, की सड़क जो लगभग 400 मीटर है, अत्यन्त जर्जर अवस्था में होने के कारण स्थानीय जनता को अत्यधिक परेशानी हो रही है? | ग्राम पंचायत-शेखपुरा, विकास खण्ड बक्शा में उल्लिखित पिच सड़क से अवधेश उमर के घर तक मार्ग पर मनरेगा योजनान्तर्गत कच्चा कार्य कराने हेतु आई0डी0 जनरेट कराया गया। कार्य प्रारम्भ कराने पर स्थानीय नागरिकों के विरोध के कारण कार्य बन्द कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के स्थानीय लेखपाल से पैमाइश करायी गयी। स्थानीय लेखपाल की आख्यानुसार ग्राम पंचायत शेखपुरा पोस्ट तेजीबाजार ब्लाक बक्शा तहसील सदर में अजय सिंह के घर के पीछे से अवधेश उमर के घर तक भू-मानचित्र एवं अभिलेख में कोई चक मार्ग अंकित नहीं है। अत: कार्य रोक दिया गया है। |
| (ख) क्या उक्त स्थान पर सी0सी0/इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण करायेंगे? | स्थानीय लेखपाल की आख्यानुसार अजय सिंह के घर के पीछे से अवधेश उमर के घर तक भू-मानचित्र व अभिलेख में किसी भी प्रकार का कोई चकमार्ग अंकित नहीं है, जिससे किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य सम्भव नहीं है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**